सार-समाचार

गत रात्रि को मेडिकल स्टोर पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किये

रतनगढ़ (निसं)। मुख्य बाजार में घंटाघर के पास एक मेडिकल स्टोर पर चोरों ने ताले तोड़कर हजारों रुपए की नकदी की चोरी कर ली। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्य बाजार में घंटाघर के पास स्थित श्याम मेडिकल स्टोर मुख्य मार्ग पर संचालित है। बीती रात चोरों ने दुकान के साईड का शटर के ताले तोड़कर करीब 30 हजार रुपए की नकदी की चोरी कर ली। घटना के बाद चोरों ने तालों को दुकान से दूर फेंक दिया। सुबह जब उक्त स्थान पर झाड़ू लगाने वाली महिला आई, तो टूटे ताले देखकर दुकान मालिक को घटना से अवगत करवाने पर मनोज जोशी, अनूप व राजेश जोशी दूकान पर पहुंचकर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ भी लग गई व भीड़ पुलिस की गश्त प्रकिया पर आक्रोशित नजर आई व मौके पर मौजूद व्यापारियों ने पुलिस गश्त पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि रतनगढ़ का हृदय स्थल घंटाघर बिजी स्थान है तथा यहां पर गश्त का पॉइंट भी है, ऐसे में उक्त स्थान पर चोरी होना पुलिस प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। वहीं इस चोरी की घटना को लेकर काफी संख्या में व्यापारीगण पुलिस थाने पहुंचकर थाना प्रभारी दिलीप सिंह से मुलाकात कर चोरी वारदात की जांच करने, चोरों पकड़ने, गश्त बढ़ाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही। उल्लेखनीय है कि कुछ महीनों पूर्व इसी स्थान से कुछ दूरी पर मौबाईल शोप चोरी घटना हुई थी, वो भी आज तक प्रश्नचिन्ह पुलिस कार्यशैली पर है।

उदयपुरवाटी में चिन्हित वाटर पॉइंटों पर वन्यजीव गणना शुरू

उदयपुरवाटी (निसं)। ज्येष्ठ माह की शुक्ल पूर्णिमा 11 जून बुधवार को सुबह 8 बजे चिन्हित वाटर हाल पर वन्यजीव गणना शुरू हुई। वन्यजीव गणना रेंज क्षेत्र के 16 वाटर हाल पॉइंट पर 33 कार्मिको द्वारा की जा रही है। वन विभाग इंद्रपुरा में रेंजर धर्मवीर सिंह मील ने बताया कि कोट बांध, शीतला जोहड बागोरा,कदम कुंड छापोली, मनसा माता पुराना खोह बालाजी मंदिर, वाघोली चौकी, काना वाली जोहड़ी पौंख, किरावंडा कुंड भोजगढ, भोजगढ़ पौधशाला, घाटी वाला कुआं गुढागौडजी, वन क्षेत्र कीरपुरा, काली बेरी खौह, मनसा माता वाटर हाल, बिहारी दास जोहड़ी वाटर होल खौह, मंडावर खौह सड़क पर खेली, सातिंडा धाम खैली मंडावरा, भेरुजी वाला नाला की खेली बागोरा सहित 16 वाटर पाइंटों पर वन्यजीवों की गणना की जा रही है। गणना की तैयारी कर ली गई है। वन्यजीवों की गणना करने के लिए 16 वाटर पाइंटों पर 33 कार्मिक लगाए गए हैं। रिजर्व पार्टी के रूप में दो कार्मिकों को मुख्यालय पर रखा गया है। रेंजर धर्मवीर सिंह मील ने वाटर हाल पाइंटों पर वन्यजीवों की गणना कार्य का अवलोकन किया। वन्यजीवों की गणना के लिए कई स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। ट्रैप कैमरो की सहायता से 24 घंटे वन्य जीवों पर निगरानी रखी जाएगी। गणना गुरुवार को सुबह 8 बजे तक चलेगी। कोट बांध पर वॉच टावर से भी वन्यजीवों की निगरानी रखकर गणना की जाएगी।

टीबी जांच का प्रशिक्षण दिया

रतनगढ़ (निसं)। टूरनॉट मशीनों पर टीबी रोग की जांच की बेहतर तथा त्रुटीयों सुधार के सिलसिले में एक दिवसीय आयोजित कार्यशाला में टूरनॉट मशीनों के जरिए टीबी रोग की जांच करने वाले लैब टेक्निशियन व लैब सहायको को प्रशिक्षण दिया गया ताकि इससे जांच में सुधार हो सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने टीबी मरीजों की बलगम की जांच माईक्रोस्कॉपी के बजाय सीबीनॉट व टूर्नाट मशीनों से करने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने बताया की प्रशिक्षण का उद्देश्य तय समय में इन्टेंसीफाईड टीबी मुक्त भारत अभियान का चलाया जायेगा, जिसमें जिले में संभावित टीबी रोगियों की जांच की जायेगी। साथ ही टूरनॉट मशीन जांच में आ रही त्रुटियो में सुधार करने के बारे में समझाना था। मोलबिया कम्पनी के इंजीनियर आशिष ने जांच में आ रही समस्याओं के कारण व सुधार के सिलसिले में विस्तार से बताया। साथ ही मशीन पर जांच करने का डेमोस्ट्रशन भी किया। मशीनों की नियमित रूप से केलिब्रेशन क्लीनिंग के बारे में भी जानकारी दी। डीआरटीबी कॉडिनेटर दारासिंह ने सैंपल कलेक्शन, सैंपल प्रोसिजर लेबलिंग व मासिक रिपोर्टिंग आदि के बारे में भी बताया।

सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

रतनगढ़ (निसं)। पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शहर की मुख्य गैनाणी की साफ-सफाई एवम नालों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आगामी मानसून में होने वाली बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था को दुरस्त करने के अधिकारीयों को निर्देश दिए। महर्षि ने कहा कि गैनाणी एवम नालो की साफ़ सफाई की व्यवस्था निरन्तर चल रही है आगामी तीन-चार दिनों में पूरी होने की संभावना है। बरसाती पानी की ड्रेनेज के लिए नए हाई पॉवर की मोटर के पंप सेट तैयार हो गये है, जिससे बरसाती पानी की निकासी का कार्य और अधिक गतिशील होगा। महर्षि ने पानी निकासी के ड्रेनेज पंप सेट को शुरू करवाकर पानी निकासी व्यस्था की प्रगति का निरीक्षण भी किया। इस दौरान निरीक्षण में महर्षि के साथ आर यू आइ डी पी के अधिकारी, पालिका के अधिशाषी अधिकारी सहदेव चारण सहित अन्य अधिकारी, भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक, रामगोपाल चौधरी, ओम महर्षि, प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित थे।

आज दो घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

चूरू (निसं)। अग्रसेन नगर ओवर ब्रिज निर्माण के चलते 33 केवी विद्युत लाइन शिफ्टिंग के कार्य को लेकर गुरूवार 12 जून 2025 को 33 केवी चूरू फीडर बंद रखा जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। जोधपुर डिस्कॉम की कनिष्ठ अभियंता शहर द्वितीय पूनम प्रजापत ने बताया कि अग्रसेन नगर, शांति कॉलोनी, मयूर विहार कॉलोनी, डीटीओ ऑफिस, कलेक्ट्रैट सर्किल, भरतिया हॉस्पिटल, नई सड़क, नया बास, उस्मानाबाद कॉलोनी, सैनिक बस्ती, वन विहार कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन रोड, पूनिया कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, ओम कॉलोनी, इन्दिरा कॉलोनी, धर्म स्तूप, मालजी का कमरा, आलोक सिनेमा के पीछे, व्यापारियों का मोहल्ला, पुरानी सडक, जयपुर रोड़, रामसरा रोड़ व इन क्षेत्रों से जुडे समस्त विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति दो घंटे बंद रहेगी।

डोडा-पोस्त की तस्करी में एक गिरफ्तार

सीकर (निसं)। सीकर की लोसल थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एंबुलेंस की आड़ में डोडा-पोस्त की तस्करी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 438 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।थानाधिकारी सरदारमल के अनुसार- 10 जून को पुलिस टीम द्वारा डीडवाना रोड पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान एक इनोवा गाड़ी आई। जिस पर एम्बुलेंस की लाल नीली लाइट जल रही थी। इसे संदिग्ध लगने पर पुलिस ने रोका। जब उसकी तलाशी ली गई तो गाडी के पीछे डिग्गी में और ड्राइवर सीट के नीचे डोडा पोस्त चूरा मिला। जिसका कुल वजन 438 ग्राम था।इसके बाद मामले में आरोपी बलजिंद्र सिंह जट(38) पुत्र सुखमंदर सिंह निवासी बठिंडा, पंजाब को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

नोडल अधिकारी नियुक्त

सीकर (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर निजी व राजकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता क्लबों का सक्रिय संचालन एवं मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किये जाने के लिए इन क्लबों के प्रभावी संचालन एवं मतदाता जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. सुनिता पाण्डे प्राचार्य श्री राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर को नियुक्त कर निर्देश दिये है कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को समयबद्ध पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

राहगीरों को शरबत पिलाया

चूरू (निसं)। शहर के ओम कॉलोनी निवासी राकेश शर्मा ने अपनी बेटी हिना शर्मा की पुण्यतिथि पर हर वर्ष की भांति बुधवार को भी भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्ट्रेट सर्किल के पास राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। हर वर्ष यह कार्यक्रम धर्म स्तूप के पास किया जाता है, लेकिन इस बार आवागमन कम होने के कारण यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सर्किल के पास किया गया। यह कार्यक्रम लगातार पांचवीं बार किया गया है।

सोशल मीडिया पर हथियारों की तस्वीरें डालकर दहशत फैलाने पर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं) सिंघाना थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियारों की तस्वीरें डालकर लोगों में भय फैलाने वाले हिस्ट्रीशीटर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर राकेश उर्फ हनी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी ने इंस्टाग्राम पर हथियारों की तस्वीरें अपलोड कर आमजन में दहशत फैलाने की कोशिश की थी। थानाधिकारी रामसिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की थाना क्षेत्र के एक बदमाश द्वारा सोशल मीडिया पर हथियारों की फोटो डालकर दहशत फैलाने का काम किया जा रहा है। जिस पर कार्यवाहक एसपी देवेन्द्र सिंह राजावत के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को राजपुरा में दबिश देकर राकेश कुमार उर्फ हनी पुत्र राजपाल जाट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से हथियारों के लाने, मकसद और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से खुद की छवि आपराधिक रूप में प्रस्तुत कर युवाओं को गुमराह कर रहा था। थानाधिकारी ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच कर रही है और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आमजन में सुरक्षा और विश्वास का माहौल बनाने की कोशिश की है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में दस मामले दर्ज हैं। इस दौरान पुलिस टीम में थानाधिकारी रामसिंह, एचसीकुलदीप, कांस्टेबल मोतीलाल आदि शामिल थे।

सिंघाना थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर हथियारों की तस्वीरें डालकर लोगों में भय फैलाने वाले हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्त में लिया।

धोखाधड़ी कर दो लाख 49 हजार रुपए हड़पने का आरोप, मामला दर्ज

- सादुलपुर में विदेश भेजने के नाम पर रूपये हड़पे
- पुलिस ने आरोपी पति और पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

सादुलपुर, (निसं)। विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से धोखाधड़ी कर 2 लाख 49 हजार रुपए की राशि हडपने के आरोप में पुलिस ने आरोपी पति पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि मोहम्मद कयूम उम्र 26 साल चौहान निवासी वार्ड नंबर 21 ने न्यायालय से प्राप्त इस्तागासे पर मामला दर्ज करवाकर बताया कि वह कमाने खाने के लिए विदेश में किसी अच्छे काम की तलाश में था। इसी दौरान 1 मार्च 2024 को आरोपी मोहम्मद अशरफ निवासी रामगढ शेखावाटी एक शादी में मिला और उसने बताया कि वह लोगों को विदेश भेज कर अच्छा काम दिलाने का कार्य करता है। तथा उसे यूरोपियन कंट्री भिजवाने के लिए उसे तथा उसके रिश्तेदार गुलफाम बेग निवासी वार्ड नंबर 20 सादुलपुर लक्जमबर्ग भिजवा दूंगा। लेकिन विदेश भेजने का एक व्यक्ति का खर्चा पांच लाख रुपए होना बताया। जिसके बाद अगले दिन आरोपी उनके घर आया जिसके साथ उसकी पत्नी फातिमा भी थी। तथा विदेश जाने की सहमति देकर उसने तथा गुलफाम बेग ने अपने अपने हिस्से के पचास, पचास हजार कुल एक लाख रुपए आरोपी ओर उसकी पत्नी को नगद दे दिए। पैसा देने के बाद आरोपी ने कहा कि यूरोपियन कंट्री में जाना आसान नहीं होता। लेकिन आपको विदेश भिजवा देंगे। उसके बाद आरोपियों ने मार्च 2024 में रामगढ बुलाकर कुल 2 लाख 49 हजार रुपए ले लिया। कुछ समय के अंतराल में दोनों से बातचीत व परिवादी के जरिए फोन पर होती रही। ओर ऑफिस वर्क पूरा कहकर इंतजार करवाते रहे। दिनांक 5 अप्रैल 2025 को आरोपी का राजगढ में आने का पता चला तो वह ओर गुलफाम शेख आरोपी से मिला तथा रुपए का तकाजा किया तो उन्होंने पैसे देने से इनकार कर दिया। विदेश भेजने की बात कहकर धोखाधड़ी कर पैसे हड़प लिए।

युवक पर हमला कर कार, मोबाइल और नगदी छीनी, आरोपी फरार

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

सादुलपुर, (ओमप्रकाश)। तारानगर सादुलपुर सडक पर गांव न्यांगली में स्थित तनोट माता मंदिर के नजदीक कार में सवार चार युवकों ने एक कार चालक के साथ लाठी डंडों चाकू से हमला कर मारपीट की तथा नगद राशि मोबाइल और कार छीनकर फरार हो गए।

कार में सवार बदमाशों कार के आगे अपनी कार को लगाकर रास्ता रोककर घटना को दिया। ओर गाडी छीनकर फरार हों गए। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया नरेश कुमार उम्र 43 वर्ष निवासी गगोर ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि ०9 जून 2०25 की रात्रि को 12.3० बजे लगभग वह अपनी कार को लेकर तारानगर से अपने घर आ रहा था। जब वह रोही न्यांगली में स्थित तनोट माता मंदिर के पास पहुंचा तो पीछे से एक सफेद रंग की कार आई और उसकी कार के आगे अपनी कार लगाकर उसका रास्ता रोक लिया।

दर्ज मामले में बताया कि कार में सवार चार लोग उतरे। और उसे गाडी से नीचे उतारकर उसकी गाडी की चाबी निकाल ली। तथा उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसकी जेब से मोबाइल फोन और 7-०8 हजार रुपए निकाल लिए। विरोध किया तो उसके साथ लाठी डंडों ओर चाकू से मारपीट की जिसके कारण उसके पेट, कमर और हाथों पर काफी जगह गंभीर चोट लगी।

पीडित ने दर्ज मामले में बताया कि लाठी डंडों ओर चाकू से हमला कर उसके पैसे और मोबाईल तथा कार छीन कर भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनियंत्रित होकर ट्रोला पलटा, हादसा टला

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर हिसार एनएच 52 सड़क मार्ग पर गुलपूरा रोड पेट्रोल पम्प के पास अनियंत्रित होकर एक चावल के कट्टो से भरा ट्रोला पलटा खा गया। मगर गनीमत रही चालक व परिचालक को चोट नही लगी। लेकिन चावलों से भरे कट्टे बिखरने व ट्रोला क्षतिग्रस्त होने से काफी नुकसान हो गया। बुधवार सुबह 10 बजे दी जानकारी में प्रकरण अनुसार एक ट्रोला आरजे 36 जीए 5166 का चालक कालू सिंह पुत्र गोरधन सिंह राजपूत निवासी गाढावास मोहल्ला डीडवाना जो कि 22 चक्का ट्रोला में हिसार की ओर से चावल भरकर एनएच 52 हिसार सादुलपुर होते हुए चूरू की ओर जा रहा था। उसी दौरान संभवतः किसी जानवर को बचाने के चक्कर में 22 चक्का ट्रोला अनियंत्रित होकर पलटी खा गया। ट्रोला में भरे चावल के कट्टे बिखर गए और क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर राजगढ थाने से ओमप्रकाश हेड कॉन्स्टेबल मौके पर पहुंचे तथा घटना का मौका निरीक्षण किया।

चूरू में जिला प्रशासन और आयुर्वेद विभाग की ओर से 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिले में अनेक स्थानों पर योग का पूर्व अभ्यास करवाया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को आयुर्वेद विभाग बीकानेर संभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. घनश्याम रामावत ने योग के पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया। इस दौरान आपणी पाठशाला योग शिविर में अतिरिक्त निदेशक डॉ. घनश्याम रामावत ने स्वयं भी योग किया। सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि रामावत ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र चूरू, आपणी पाठशाला व अग्रसेन नगर पार्क में योग शिविर का निरीक्षण किया और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान उप निदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह, डॉ. रामकृष्ण शर्मा, डॉ. संतरा जाट, वरिष्ठ सहायक आशीष भाटी सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पालिका ने वर्षों से बन्द पड़े नालों की सफाई का कार्य शुरू किया

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर में अम्बेडकर सर्किल से तारानगर रोड की ओर वर्षो पूर्व बने गन्दे पानी की निकासी के नाले की साफ-सफाई नहीं होने से अम्बेडकर सर्किल के आसपास का एरिया पानी से लबालब होने के कारण लोगों को भारी परेशानी को देखते हुए लोगों ने नाले की समुचित रूप से साफ-सफाई करवाने की मांग की है।

बुधवार सुबह 8 बजे दी जानकारी में सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश सोनी व राजपाल आदि ने बताया कि वार्ड 01 के गन्दे पानी की निकासी के लिए बनाया गया नाला बन्द पडा है, जिसको लेकर आज नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने नाले की सफाई का कार्य शुरू किया गया है।

लोगों की मांग है कि इस बन्द पडे नाले की पूर्णत्या सफाई करवाई जावे ताकि अम्बेडकर सर्किल पर जो पानी निकासी की समस्या आ रही है, उससे लोगों को निजात मिल सके।

नगरपालिका के सहायक अधिकारी राकेश धायल ने बताया कि जो नाला वर्षो से बन्द पड़ा था, उसकी साफ-सफाई करवाने के लिए नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों को नाले की सफाई के कार्य में लगा दिया गया है, तीन चार रोज में नाले की पूर्ण सफाई करवादी जावेगी तथा अम्बेडकर सर्किल सादुलपुर पर गन्दे पानी के भराव की समस्या से निजात मिल जायेगी।

पालिका ने अम्बेडकर सर्किल के पास नालों की सफाई शुरू की।

यज्ञ में आहुतियां दी

उदयपुरवाटी (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा उदयपुरवाटी के तत्वाधान में वार्ड नंबर 28 श्री कृष्ण गौशाला कॉलोनी में लोक कल्याण एवं विश्व शांति हेतु एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम हुआ। गायत्री परिवार के तहसील समन्वय बजरंग लाल सोनी ने बताया कि यज्ञ आचार्य का कार्य भार महावीर प्रसाद सैनी ने पूर्ण रूपेण निभाया।जिसमें रतनलाल सैनी का विशेष रूप से सहयोग रहा। महावीर प्रसाद सैनी ने बताया कि कलयुग में गायत्री माता कामधेनु कल्पवृक्ष हैं जो सब की भौतिक एवं आध्यात्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। इसमें कोई संदेह नहीं। इस कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों ने भाग लेकर आहुतियां प्रदान की।

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) सिद्धमुख
क्रमांक/भू.अ./वसियत/2025/979
दिनांक 02.06.2025

सार्वजनिक सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमती परमेश्वरी पत्नी स्व. श्री जगमाल सिंह जाति जाट सा. पहाड़सर ने अपनी स्वंय की खातेदारी भूमि 817/406, 819/392, 824/502 कुल किता 3 रकबा 3.0266 है. व खसरा नंबर 391, 458 कुल किता -02 कुल रकबा 0.2700 है, हिस्सानुसार की वसियत-पत्र दस्तावेज 10 रू. के शपथ-पत्र दिनांक 12.03.2013 को अनरजिस्टर्ड वसियत रामविलास पि. रामकिशन जाति जाट निवासी पहाड़सर के पक्ष में करवाई थी। मुताबिक मृत्यु प्रमाण - पत्र के उक्त वसियत कर्ता की मृत्यु दिनांक 09.10.2024 को हो चुकी है। प्रार्थी रामविलास पि. रामकिशन का मुताबिक वसियत के इन्तकाल दर्ज करवाने बाबत इस कार्यालय में परेकार है। इस बाबत किसी व्यक्ति को कोई उजर/एतराज हो तो वह अपना पक्ष मय सबूत के निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालय समय में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर पेश करें। बाद गु-जरने मियाद एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जा सकेगी। सार्वजनिक सूचना आज दिनांक 02.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय मुद्रा से जारी की गई।

तहसीलदार (भू.अ.) सिद्धमुख (चूरू)

राजस्थान सरकार
सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद, अजमेर सम्भाग
जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, अजमेर RPSC के पास, जयपुर रोड़, अजमेर-305001
क्रमांकःएफ.(1)जि.उ.के.अ./MSEFC/Meeting/Minutes/2025/487 दिनांक 22.05.2024
Sh. Deshraj Somra S/o Sh. Bhagwan Singh C/o Rjshree Construction Co., Min Market, MOI Sadda, Jhunjunu - 333516

अंतिम नोटिस
केस नं. RJ/32/S/AJR/00227

M/s S.G.G. Cement Product Pvt. Ltd., F/35A-37, Road No. 2, RIICO Ind. Area, Niwai, Distt. Tonk (Raj.) द्वारा आरसीसी पाईप की आपूर्ति हेतु विलंबित भुगतान राशि रु. 268780.00 तथा देय ब्याज व GST राशि रु. 591209.00 सहित कुल राशि 859989.00 का भुगतान आप द्वारा आपूर्तिकर्ता ईकाई को नही किये जाने के कारण आपूर्तिकर्ता द्वारा MSMED Act-2006 की धारा 18 के अन्तर्गत सुविधा परिषद को रेफेरेंस प्रस्तुत करने पर बैठक दिनांक 27.12.2023 में आप (क्रेता संस्था) को व आपूर्तिकर्ता संस्था को नोटिस दिनांक 08.12.2023 रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया जाकर, वाद के सम्बन्ध में सुविधा परिषद के समक्ष उपस्थित होने हेतु लिखा गया/
उक्त वाद से सम्बंधित परिषद की समस्त बैठकों में आप (क्रेता पक्ष) अनुपस्थित रहे तथा ना ही आपने परिषद के पत्रों का प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया/ सुविधा परिषद की बैठक दिनांक 09.05.2025 में परिषद द्वारा सर्वसम्मति से क्रेता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र के माध्यम से आपूर्तिकर्ता के व्यय पर क्रेता के लिए सुनवाई के अंतिम अवसर की लोक सूचना प्रकाशित करवाने का निर्णय लिया गया/
अतः जरिये अंतिम नोटिस आपको सूचित किया जाता है की आपूर्तिकर्ता ईकाई को विलंबित बकाया भुगतान न किये जाने के सम्बन्ध में अपना प्रत्युत्तर 15 दिवस में प्रस्तुत करें अन्यथा MSMED Act-2006 की धारा 16 के प्रावधानो के अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी।

(डी.के. शर्मा)
अध्यक्ष, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद, अजमेर संभाग

सिंघाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित 4 को गिरफ्तार किया

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना पुलिस ने देर शाम को मोई के शराब ठेके के सामने उत्पात मचाने पर हिस्ट्रीशीटर सहित चार जनों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है।

इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कैंपर गाड़ी भी जब्त की है। थानाधिकारी रामसिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर अपने साथियों के साथ कैंपर गाड़ी में सवार होकर मोई गांव के शराब ठेके पर पंहुचा तथा उत्पात मचा रहे है। इस दौरान डीएसपी नोपाराम भाकर के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर बदमाशों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने मौके पर देकर थाने के हिस्ट्रीशीटर भैंसावता खुर्द निवासी दिनेश कुमार पुत्र ओकारमल, भैसावता कलां निवासी जगदीश उर्फ नारु पुत्र कल्याण सिंह, सुनिल कुमार पुत्र ईश्वर सिंह, भैसावता खुर्द निवासी अमित कुमार पुत्र ईशवर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कैपंर गाडी भी जब्त की है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी दिनेश के खिलाफ विभिन्न थानों में 19, जगदीश के खिलाफ तीन व अमित के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं। आरोपियों के बारे में गहनता से जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान पुलिस टीम में थानाधिकारी रामसिंह, गाड़ाखेड़ा चौकी प्रभारी एएसआई शेर सिंह फोगाट, एचसी कुलदीप, दुर्गा प्रसाद, कांस्टेबल मोतीलाल, अजय कुमार, सुनील, धर्मवीर आदि शामिल थे।

मोई के शराब ठेके के सामने उत्पात मचाने पर हिस्ट्रीशीटर सहित चार जनों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की।

कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- सीबीईओ/समसा/लेखा/2025-26/1184 दिनांक :- 10.06.2025

-::खुली निविदा सूचना::-

इस कार्यालय हेतु निविदा प्रपत्र में अंकित सामग्री/सेवा के हेतु पंजीकृत/अधिकत फर्मों से ऑफलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ निविदा शुल्क एवं अमानत राशि पृथक-पृथक संलग्न करनी होगी। निविदा से संबंधित अन्य शर्तों यथा निविदा फार्म आदि sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

क्र. सं.	नाम व्यवसाय	अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानत राशि	निविदा शुल्क	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की प्रारंभ दिनांक	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम दिनांक	निविदा प्रपत्र जमा करवाने की अंतिम दिनांक	निविदा खोलने की दिनांक
1	वाहन टैक्सी परमिट (एक वाहन)	4.10	8200 प्रति वाहन	500	11.06.2025	17.06.2025	17.06.2025 03.00 PM	17.06.2025 4.00 PM

निविदा शुल्क, राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में (CBEO, SMSA, RAJGARH) के नाम से जमा होगी।
अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी।
UBN No.-RSE2526SSOB00193

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा राजगढ़ (चूरू)